समाचार

# होम क्वारन्टाईन व्यक्तियों की सतत निगरानी कर रहे निगरानी दल

## (घर से बाहर न निकलने की दे रहे कड़ी हिदायत, ले रहे स्वास्थ्य की जानकारी)



कोरबा 20 अगस्त 2020 – नगर निगम कोरबा के विभिन्न वार्डो में होम क्वारन्टाईन पर रह रहे लोगों की नियमित व सतत निगरानी इस हेतु गठित निगरानी दलों द्वारा की जा रही है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि होम क्वारन्टाईन हुए कोई भी व्यक्ति बाहर न निकले। निगरानी दलों द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने के साथ ही उन्हें कड़ी हिदायत दी जा रही है कि वे घर से बाहर कदापि न निकले, साथ ही दल के सदस्यों द्वारा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी प्राप्त की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल के निर्देशानुसार कोविड–19 के संक्रमण से बचाव, नियंत्रण व उसके प्रसार को रोकने के लिए अन्य राज्यों से अपने घर वापस आ रहे या क्वारन्टाईन सेंटर में चौदह दिवस रहने के उपरांत या कोविड–19 का इलाज कराने के उपरांत अपने घर पहुंच रहे व्यक्तियों, साथ ही पाये गए पाजिटिव प्रकरणों के घर के सदस्यों व प्रथम संपर्क में आए व्यक्तियों को चौदह दिनों तक होम क्वारन्टाईन पर रखा जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती कौशल द्वारा होम क्वारन्टाईन पर रह रहे लोगों की सतत निगरानी किए जाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में इस हेतु गठित जोन स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय निगरानी दलों द्वारा इनकी निरंतर निगरानी की जा रही है। आज इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 52, 07, 05, 20, 06, 23, 29, 59, 61, 04, 57, 02, 35, 26, 60, 67, 38 सहित निगम के सभी 08 जोन में स्थित अन्य वार्डो में होम क्वारन्टाईन पर रह रहे लोगों के घर तक निगरानी दल के सदस्य पहुंचे, औचक रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान होम क्वारन्टाईन पर रह रहे सभी व्यक्ति अपने घरों पर ही पाये गए। निगरानी दल के सदस्यों ने उन्हें समझाईश दी कि वे अपने घर के बाहर कदापि न निकले, घर पर ही आराम से रहें। इसके साथ ही दल के सदस्यों ने होम क्वारन्टाईन व्यक्तियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।

**ली जा रही कोविड–19 की रैंडम सैम्पलिंग**– कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन में रैंडम सैम्पलिंग हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सैम्पलिंग का कार्य किया जा रहा है। अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने निगम के जोन कमिश्नरों व उप जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे रैंडम सैम्पलिंग के अतिमहत्वपूर्ण कार्य को विशेष रूचि लेकर गंभीरतापूर्वक संपन्न कराएं तथा इस हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इसी कड़ी में आज कोरबा जोनांतर्गत गीतांजलि भवन में सैम्पलिंग का कार्य किया गया। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 21 अगस्त को कोरबा जोन कार्यालय में, 23 अगस्त को टी.पी.नगर जोन कार्यालय, 24 अगस्त को टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 14 सामुदायिक भवन पम्प हाउस में, 25 अगस्त को कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 18 नया सामुदायिक भवन पथर्रीपारा, 26 अगस्त को कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 20 सियान सदन घंटाघर में रैंडम सैम्पलिंग की जाएगी। इसी प्रकार 27 अगस्त को रविशंकर नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 22 स्थित जोन कार्यालय में रैंडम सैम्पलिंग होगी। 28 अगस्त को बालको जोनांतर्गत सामुदायिक भवन कांजीहाउस वार्ड क्र. 41 में तथा 29 अगस्त को बालको जोन कार्यालय में, 30 अगस्त को दर्री जोनांतर्गत सरदार पटेलनगर व 31 अगस्त को मंगल भवन दर्री में रैंडम सैम्पलिंग का कार्य किया जाएगा। 01 सितम्बर को सर्वमंगला जोनांतर्गत सामुदायिक भवन खम्हरिया में तथा 02 सितम्बर को सर्वमंगला जोन कार्यालय मे रैंडम सैम्पलिंग होगी, वहीं 03 सितम्बर को बांकीमोंगरा जोनांतर्गत बांकी स्थित जोन कार्यालय में रैंडम सैम्पलिंग का कार्य किया जाएगा।